-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 05.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक

- **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र तथा पुलिस की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एक चौकीदार को साइकिल, नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित।**

विवरण- आज दिनांक 05.06.2026 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन सभागार बांदा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र तथा पुलिस की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एक चौकीदार को साइकिल, नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें दिनांक 24 मई 2026 को रेलवे स्टेशन बांदा से अपहरण हुए 02 वर्षीय बच्चे के सकुशल बरामदगी में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले थाना कोतवाली देहात में तैनात दो पुलिसकर्मियों 1-आरक्षी जितेन्द्र कुमार व 2-रिक्रूट आरक्षी राजेश राय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही इस घटना में सूझ-बूझ का परिचय देते हुए त्वरित एवं महत्वपूर्ण सूचना देकर पुलिस की सहातया करने वाले थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम महोखर के चौकीदार रमेश कुमार को पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा साइकिल, 02 हजार रुपए नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह थाना मटौंध में तैनात आरक्षी पुष्पेन्द्र को जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक बांदा ने सभी पुलिसकर्मियों एवं चौकीदार की सराहना करते हुए कहा कि कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं जनसेवा की भावना से किए गए कार्य पुलिस विभाग की कार्यकुशलता एवं जनता के विश्वास को और मजबूत बनाते हैं। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसी प्रकार लगन, मेहनत एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए जनसामान्य को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया।